इस सिद्धांत के अनेक सिखलाई तरीके विश्लेषण और मूल्य स्पष्टिकरण से मिलते हैं। दरअसल, हुइट्ट के नमूने के पहले दो चरण तो तकरीबन, विश्लेषण में प्रयोग किए गए कदमों के समान हैं। कई प्रकार से, सामूहिक संस्थाओं और पारस्परिक संबंधों और कार्य प्रॉजेक्ट के कौशल अभ्यास, कोलबर्ग के तरीकों के समान हैं। "न्यायिक स्कूल"

टिप्पणी

प्रोग्राम, स्कूलों और समुदाय में व्यक्तिगत और सामूहिक ढंग से आपसी संबंध स्थापित करने के अवसर प्रदान करता है (पावर, हिग्गिन्स और कोलबर्ग, 1989)। सबसे महत्वपूर्ण भिन्नता यह है कि कार्य द्वारा सीख का सिद्धांत, नैतिक विकास की पूर्वकल्पित धारणा से शुरु नहीं होता।

अपनी प्रगति जांचिए

5. पियाजे की नैतिक विकास से संबंधित धारणाओं को किसने और अधिक विस्तृत किया?

(क) फ्रायड (ख) कोलबर्ग

(ग) स्किनर (घ) एरिकसन

6. कोलबर्ग ने नैतिक विकास के कितने चरण माने हैं?

(क) पांच (ख) सात

(ग) तीन (घ) छह

2.5 आधुनिक मूल्य

यहां पर आधुनिक मूल्य का अर्थ एवं परिभाषा देते हुए श्रम की गरिमा के विषय में बताया जा रहा है। इसके साथ ही राष्ट्रवाद, सार्वभौमिकता और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के विषय में विवेचन किया जा रहा है।

2.5.1 आधुनिक मूल्य : अर्थ एवं परिभाषा

अर्थ

नए विचारों और साझे सार्वभौमिक मूल्यों के इस युग में आधुनिक मूल्यों का मतलब है लोगों का एक ऐसे समाज में रहना जहां हर व्यक्ति को उसके व्यक्तित्व के आधार पर, बिना सवाल जवाब किए, स्वीकृत किया जाता है। ऐसे समाज में लोगों को अपने हिसाब से जीने की आजादी होती है, बशर्ते उनके द्वारा किए जाने वाले कार्य किसी को मानसिक या शारीरिक तौर पर कोई क्षति न पहुंचाएं। आधुनिक मूल्यों वाले आधुनिक संसार में बहुत चीजें शामिल हैं। इनमें से कुछ का वर्णन निम्नलिखित हैरू

- विचार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता।
- सभी के लिए शिक्षा का अधिकार।
- लोगों, संस्कृतियों और जीवन शैली के बीच स्वीकृति।
- भरोसेमंद होना और अपनी बात कहना।
- प्रकृति की देखभाल।
- प्रामाणिक होना और अपने मूल्यों के लिए खड़े रहना।
- हर किसी को सुरक्षित रहने और सुरक्षित जीवन जीने का अधिकार।
- आधुनिक मूल्यों में नवाचार, रचनात्मकता और नई सोच का स्वागत है।

टिप्पणी

परिभाषा

मूल्य की कुछ परिभाषाएं निम्नवत हैं–

लूमीज एवं लूमीज के अनुसार, "मूल्य व्यवहार निर्धारक कारक है।" ("Values are the detrminiants of behavour.")

जॉन जे. कैन के अनुसार, "मूल्य वे आदर्श अवस्थाएं और मानक हैं जो किसी समाज या समाज के अधिकतर लोगों द्वारा अपनाया गया होता है।" ("Values are ideals, belief or norms which society or a large number of society members hold.")

जॉर्ज गीजर के अनुसार, "मूल्य मनुष्य की बलवती इच्छाओं के मध्य चुनाव का परिणाम है।"

गार्डन आलपोर्ट के अनुसार, "मूल्य एक विचारहै, जिस पर व्यक्ति वरीयता से कार्य करता है।"

2.5.2 आधुनिक मूल्य : समता और समानता

सामाजिक निकायों के प्रसंग में समता और समानता, समान लेकिन थोड़े भिन्न सिद्धांतों में संदर्भित है। समानता का सिद्धांत आमतौर पर, समान अवसरों और समाज के प्रत्येक खंड को समान स्तरीय समर्थन प्रदान करता है। निष्पक्षता का सिद्धांत एक कदम आगे बढ़ते हुए, व्यक्ति या लोगों के समूह को उनकी जरूरत के अनुसार सहायता प्रदान करता है जिससे अधिक न्यायसंगत परिणाम पाए जा सकें।

तुलना

	समानता	समता
अर्थ	प्रत्येक व्यक्ति के साथ समान ढंग से व्यवहार करने का मतलब है समानता; प्रत्येक व्यक्ति को उनकी मापनीय विशेषताओं की गणना के बिना माना जाता है; उनके साथ भिन्न विशेषताओं वालों के समान व्यवहार किया जाता है।	निष्पक्षता का मतलब है कि केवल समर्थनों और अवसरों में ही समता नहीं बल्कि परिणामों में भी समानता।
उदाहरण	सरकार गैस और बिजली पर छूट देती है जो अमीर और गरीब के लिए समान रूप से उपलब्ध है।	सकारात्मक कार्रवाई नीतियां (जैसे कि "आरक्षण" और "कोटा"; कंपनियों द्वारा केवल पुरुषों के बोर्ड का संचालन करने के लिए, जानबूझ कर, एक महिला निदेशक ढूंढना।

समता या समानता?

कई बार हम 'समता' और 'समानता' शब्दों को आपस में बदल कर इनका प्रयोग करते हैं। समता और समानता का एक ही अर्थ होने की गलतफहमी बहुत आम है। लोगों को लगता है कि इन शब्दों को आपस में बदलकर, एक दूसरे की जगह प्रयोग किया जा सकता है, खासकर शिक्षा के संदर्भ में। लेकिन यह सही नहीं है– इन दोनों शब्दों को एक दूसरे की जगह प्रयोग नहीं किया जा सकता। हां इन दोनों शब्दों में काफी समानता है लेकिन, इनके बीच का फर्क बेहद महत्वपूर्ण है।

टिप्पणी

NCERT की पुस्तकों में समता और समानता को विभिन्न संदर्भों में वर्णित किया गया है। इन दोनों के अंतर को निम्न चित्रों के माध्यम से बखूबी समझा जा सकता है।



In the first image, it is assumed that everyone will benefit from the same supports. They are being treated equally.

In the second image, individuals are given different supports to make it possible for them to have equal access to the game. They are being treated equitably.

In the third image, all three can see the game without any supports or accommodations because the cause of the inequity was addressed. The systemic barrier has been removed.

पहले चित्र में ऐसा माना जा रहा है कि मौजूद सभी लोगों को समान समर्थन से सहायता मिलेगी। इनके साथ समान तरीके से पेश आया जा रहा है।

दूसरे चित्र में मौजूद व्यक्तियों को भिन्न प्रकार का समर्थन दिया गया है ताकि वे समान ढंग से खेल का आनंद उठा सकें। साथ ही निष्पक्ष व्यवहार किया जा रहा है।

तीसरे चित्र में तीनों लोग, बिना किसी समर्थन या सहारे के, खेल का आनंद उठा रहे हैं क्योंकि अनिष्पक्षता का कारण ही मिटा दिया गया है। व्यवस्थित बाधा को हटा दिया गया है।



ऊपर दिए गए चित्र में समानता और समता के साथ, अक्षम लोगों की जरूरतों को सम्मिलित करने की आवश्यकता को ध्यान में रखा गया है।

सकारात्मक कार्य से समता को बढ़ावा मिलता है

केवल समानता नहीं बल्कि समता के लिए प्रयास करने का एक उदाहरण है, सकारात्मक कार्रवाई। सकारात्मक कार्रवाई उन लोगों का स्पष्ट रूप से पक्ष लेने की

नीति है जो भेदभाव द्वारा पीड़ित हैं, विशेष रूप से रोजगार या शिक्षा के संबंध मेंय यह एक प्रकार का सकारात्मक भेदभाव है जिसका उद्देश्य पारंपरिक नकारात्मक भेदभाव के प्रभावों का मुकाबला करना है, जिससे आबादी का एक हिस्सा पीड़ित है।

टिप्पणी

उदाहरण के लिए, विश्वविद्यालय एक सकारात्मक कार्रवाई नीति बना सकते हैं, जिसके अंतर्गत वे वंचित सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि के छात्रों की एक निश्चित न्यूनतम संख्या को स्वीकार करने का फैसला करें। भारत में सार्वजनिक विश्वविद्यालयों और सरकारी एजेंसियों की एक सकारात्मक कार्रवाई नीति है जो ऐतिहासिक रूप से अध ीन सामाजिक वर्गों के लोगों के लिए कॉलेजों या नौकरियों में एक निश्चित संख्या में अलग से ष्सीटेंष् आरक्षित करती है।

ये नीतियां समानता के सिद्धांत का उल्लंघन करती हैं। यदि नीति सभी उम्मीदवारों (छात्रों या नौकरी चाहने वालों) के साथ समान व्यवहार करती है, आर्थिक लाभ का उपरोक्त क्रम जारी रहेगा।

समता का मुद्दा

समता को बढ़ावा देने वाली नीतियों के पीछे यह तर्क है कि, आर्थिक और सामाजिक श्रेणी फायदों के आधार पर संग्रह किया जा सकता है और खुदको बनाए रखा जा सकता है। खोज के माध्यम से और खोज के बाद की गई जांच के जरिए, इस बात को व्यापक मान्यता प्राप्त है कि बच्चों का स्कूल में और मानकीकृत परीक्षणों में प्रदर्शन, घर की कमाई और मां के शिक्षा स्तर के साथ, दृढ़ रूप से, सहसंबंधित है।

दृढ़ रूप से "समान" संसार में, जहां ऐसे ऐतिहासिक झुकावों पर गौर नहीं किया जाता, आबादी के सभी खंडों के साथ समान बर्ताव किया जाएगा। और उच्च आमदनी वाले परिवारों के बच्चों का स्कूली प्रदर्शन बेहतर होगा, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें बेहतर कॉलेज में दाखिला मिलेगा और अवश्य रूप से, उनके लिए नौकरी के अवसर भी बेहतर हो जाएंगे, अंत में ये बच्चे अपने साथी, गरीब घरों के बच्चों से अधिक धन कमाएंगे।

2.5.3 व्यक्तिगत अवसर और सामाजिक न्याय

क्या व्यक्तिगत अवसर प्रदान करने वाला समाज आवश्यक रूप से सामाजिक न्याय भी देता है? देखा जाए तो, नहीं। इस बात को स्पष्ट करने के लिए, एक ऐसे समाज का उदाहरण लेते हैं जिसकी आबादी घरेलू आय (घर में रहने वाले हर व्यस्क भागीदार की, अकेले रहने वाले हर कमाऊ सदस्य की और परिवार के मुखिया के अकेले की आय जोड़कर) दशमांश में बटी है। इस समाज में सामाजिक न्याय की पहचान करो, इस संभवता को ध्यान में रखते हुए कि एक व्यक्ति व्यस्क स्थिति में एक ऐसे घर में रहेगा जिसकी जगह, अपने बचपन की तुलना में, उच्च दशमक स्तर पर होगी, साथ में इस बात के संभवता को भी ध्यान में रखना होगा कि शायद वह निम्न दशमक स्तर पर पहुंच जाए। समाज में, एक व्यक्ति के परिवार का दशमक स्तर उसका, भविष्य में, उसके उच्च या निम्न दशमक स्तर की भविष्यवाणी कर सकता है।

निम्न स्तरीय सामाजिक न्याय इस बात का सूचक हो सकता है कि क्षमता के आधार पर व्यवसाय पाने के विचार का मुख्य रूप से उल्लंघन हुआ है। गरीब घरों के बच्चे, ऊंचे एवं प्रभावशाली नौकरियों के लिए आवेदन भरने के योग्य नहीं होते। यदि

टिप्पणी

योग्य होने पर वे आवेदन दे भी दें तो उनके आवेदन अनदेखे कर दिए जाते हैं। उनका, उनके गुणों के अनुसार मूल्यांकन नहीं किया जाता। सामाजिक न्याय का निम्न स्तर इस बात का भी संकेतक हो सकता है कि समाज, समान अवसर की निष्पक्षता की संतुष्टि की कसौटी पर पूरा नहीं उतरता। एक समाज को समान अवसर न प्रदान करते हुए देखकर कोई खास हैरानी नहीं होगी, बेशक, किसी आधुनिक समाज में पहले ऐसा नहीं किया गया है। लेकिन एक समाज, समान अवसर प्रदान करने के नजदीक हो सकता है या उससे कोसों दूर और सामाजिक न्याय का निम्न स्तर, समाज इस बात का संकेतक है कि समाज समान अवसर प्रदान करने की प्रक्रिया से बहुत दूर है।

लेकिन जैसा यहां दिखाई देता है, वैसा असल में होना जरूरी नहीं है। हो सकता है कि एक समाज में ऐसा कोई सिद्धांत स्थापित हो जिसके अनुसार व्यक्ति की प्रतिभा को ध्यान में रखते हुए उसे व्यावसायिक अवसर मिलें जबकि सामाजिक अनुक्रम में उसकी स्थिति उसके जन्म के परिवार के अनुसार स्थापित हो। उसे, उसके परिवार की स्थिति ही वांछनीय प्रतिस्पर्धी पदों के लिए योग्य बनने और उन पर नियुक्त होने के काबिल बनाती है। शायद इससे भी अधिक दिलचस्प संभवता यह है कि एक समाज, समान अवसर प्रदान करने की संभावना संपूर्णतः पूरी करने के बावजूद, बहुत निम्न या न के बराबर सामाजिक न्याय का प्रदर्शन कर सकता है। इसका उदाहरण यह है कि, यह परिदृश्य तब सामने आता है जब समाज का प्रत्येक सदस्य के जन्म के परिवार का दशमक उसके अपने परिवार की आय की संपूर्णतः भविष्यवाणी करता है।

अनेक समकालीन समाजों द्वारा योग्यता के आधार पर व्यवसाय संतुष्टि की ओर निर्विवाद प्रगति की गई है और इसकी तुलना में कुछ अन्य समाज समान अवसर प्रदान करने के लक्ष्य की संतुष्टि की ओर केवल कुछ ही इंच बढ़े हैं। इन समाजों में ऐसे बीज देखे जा सकते हैं जो ऐसे उच्च योग्यतावादी समाज का रूप ले लें, जहां सामाजिक न्याय की कोई जगह न हो।

सामाजिक न्याय

हम सब 'सामाजिक न्याय' शब्दों से अच्छी तरह परिचित हैं, लेकिन हममें से बहुत से लोग इसके इतिहास और महत्व से अपरिचित हैं।

1800 के दौर में, इतालवी जेसुइट लुइगी टप्पारेली डी एजेग्लियो द्वारा, पहली बार, बतौर एक आर्थिक सिद्धांत, इन शब्दों का प्रयोग किया गया था। यूरोप में समाज श्रेणी प्रणाली के कारण असमानता और आर्थिक संकट के चरम स्तर को देखते हुए लुइगी टप्पारेली डीश एजेग्लियो ने, थॉमस ऐक्विनॉस के विचार पर आधारित ये शब्द निकाले थे, सही काम करने के साथ हमें ऐसा काम करने की भी चेष्टा करनी चाहिए जो दूसरों की भलाई के लिए आवश्यक हैं।

आज के समय में सामाजिक न्याय अकसर मानवीय अधिकारों को संदर्भित है। ये ऐसे समूहों के जीवन सुधार का काम करता है जो ऐतिहासिक रूप से, अनेक आधारों पर, उत्पीड़न का सामना करते हैं जैसेकि, जाति, जातीयता, राष्ट्रीयता, लिंग, यौन अभिविन्यास, आयु, धर्म और विकलांगता।

टिप्पणी

सामाजिक न्याय का लक्ष्य

आम तौर पर, सामाजिक न्याय की खोज करने वाले, लोगों की भलाई में वृद्धि करने हेतु सत्ता का पुनर्वितरण करने की मांग करते हैं। इस काम के लिए ये, स्वास्थ्य देखभाल, न्याय और आर्थिक अवसरों तक समान पहुंच की चेष्टा करते हैं।

इसमें कोई संदेह नहीं कि सामाजिक न्याय का काम कार्यकर्ताओं की पहल का अंजाम है लेकिन सक्रिय परिवर्तन लाने के लिए सरकार, गैर–लाभकारी संगठनों सार्वजनिक स्वास्थ्य और नियामक एजेंसियों में कार्यरत सार्वजनिक प्रशासकों का बहुत बड़ा योगदान होता है। ये नीतियां और प्रस्ताव बनाने के लिए जिम्मेदार होते हैं।

सार्वजनिक प्रशासकों का कार्य अकसर, दूसरे कार्यकर्ताओं की तुलना में शांत और कम नाटकीय होता है। सामाजिक न्याय की ओर प्रगति के लिए ध्यानपूर्वक रची हुई नीतियों की आवश्यकता होती है। इनके कुछ सिद्धांत हैं जो इस प्रकार हैं–

पहुंच : साधनों तक पहुंच, सामाजिक न्याय का एक मूलभूत सिद्धांत है। बदकिस्मती से, समाज के अनेक क्षेत्रों में, पहुंच, कई कारकों पर आधारित है जैसेकि सामाजिक–आर्थिक, स्तर, शिक्षा, रोजगार और वातावरण।

निष्पक्षता : निष्पक्षता और समानता में, लोगों को अकसर गलतफहमी हो जाती है, लेकिन यह जरूरी नहीं कि हर निष्पक्ष चीज हमेशा समान भी हो। समान लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दो लोगों द्वारा अलग–अलग तरह की मेहनत लग सकती है। उदाहरण के लिए, कॉलेज में डिग्री हासिल करने के लिए कुछ विद्यार्थियों को दूसरों की तुलना में अधिक परिश्रम करना पड़ सकता है। सामाजिक न्याय पाने और सफलता के लिए समान अवसर हासिल करने के लिए, ऐसे निष्पक्ष संसाधन उपलब्ध करवाना आवश्यक है जो समुदायों की विशिष्ट जरूरतों और उनके बीच रहने वाले व्यक्तियों पर केंद्रित हों।

विविधता : व्यक्तिगत एवं सामूहिक विविधता की पहचान करने के बाद, सार्वजनिक प्रशासकों के पास हर व्यक्ति की जरूरतें पूरी करने योग्य नीतियों के निर्माण हेतु बेहतर प्रबंध होता है। प्रभावशाली होने के लिए, नीति–निर्माताओं को, बाधाएं डालने वाले हर कारक की पहचान करके उसे स्वीकार करना चाहिए। इसके बाद उन्हें इन बाधाओं को पार करने के तरीकों की खोज करनी चाहिए। विविधता को समझते हुए, और सांस्कृतिक भिन्नताओं को अपनाते हुए, हम अवसरों और पहुंच को अधिक विस्तृत बनाते हैं।

भागीदारी : सामाजिक न्याय के अनुसार, व्यक्तियों के पास उन नीतियों के निर्माण में हिस्सा लेने के लिए हमेशा अवसर और मंच उपलब्ध रहना चाहिए जो उनकी भलाई के लिए तैयार की जाती हैं। भिन्न जरूरतों को ध्यान में न रखकर, नेकनीयत सार्वजनिक प्रशासक भी बहिष्करण नीतियां निर्मित कर सकते हैं।

अकसर नीतियों का निर्माण, सरकार में प्रभावशाली स्थानों पर स्थित, गिने चुने लोगों के समूह द्वारा किया जाता है। निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदारी लोगों के चयन पर ध्यानपूर्वक चिंतन करने पर, सार्वजनिक प्रशासक इस बात से बच सकते हैं। इस काम के लिए ये वकीलों को उन समूहों के प्रतिनिधित्व के लिए आमंत्रित कर सकते

हैं जिन्हें पर्याप्त प्रतिनिधित्व उपलब्ध नहीं है और ये इन्हें दीर्घ–कालिक या स्थाई स्थितियां भी प्रदान कर सकते हैं।

मानवीय अधिकार : इस चर्चा का सबसे महत्वपूर्ण सिद्धांत शायद मानवीय अधिकार है। मानवीय अधिकार, प्रत्येक मनुष्य के लिए अंतर्निहित हैं, सामाजिक–आर्थिक स्तर की परवाह किए बिना। मानवीय अधिकार और सामाजिक न्याय अनिवार्य रूप से एक दूसरे से उलझे हुए हैं। इसलिए, एक के बिना दूसरे को उपलब्ध करना असंभव है। हमारे देश में ये कानूनी तौर पर अभिव्यक्ति, मतदान के अधिकार, आपराधिक न्याय संरक्षण की स्वतंत्रता और अन्य बुनियादी अधिकारों के रूप में देखे जा सकते हैं।

2.5.4 श्रम की गरिमा

श्रम की गरिमा इस तत्वविज्ञान पर आधारित है कि हर प्रकार के काम को समान सम्मान उपलब्ध है और कोई व्यवसाय दूसरे की तुलना में उच्च नहीं है और किसी भी काम के साथ, किसी भी आधार पर भेदभाव नहीं करना चाहिए। इस बात की परवाह किए बिना कि काम में शारीरिक ताकत की आवश्यकता है या मानसिक सामर्थ्य की, यह माना जाता है कि हर काम सम्मान के योग्य है। बसावा, शरनस और महात्मा गांधी जैसे सामाजिक सुधारक, श्रम की गरिमा के सिद्धांत के प्रमुख प्रचारक थे।

इसाई नैतिकता में श्रम की गरिमा को एक मुख्य विषय माना जाता है, इसलिए एंग्लिकन कॉम्युनियन, कैथोलिक सामाजिक सिखलाई, मेथोडोस्ट और पुनर्निर्मित धर्मशास्त्र द्वारा भी इसे सही ठहराया गया है।

गांधी जी और श्रम की गरिमा

प्रकृति हमें, हमारी जरूरत की हर चीज उपलब्ध करवाती है। कृषि, व्यापार, उद्योग और शिक्षा जैसी अनेक गतिविधियों द्वारा हम प्रकृति की देन को अपने प्रयोग युक्त वस्तुओं में बदल लेते हैं। इन गतिविधियों का एक आम लक्षण है श्रम, किसी न किसी रूप में। श्रम एक महत्वपूर्ण कारक है जिसके कारण यह हस्तांतरण संभव हो पाता है। असल में यह हमारे अस्तित्व की कुंजी है। श्रम की विविधता, हमारी जरूरतों की विविधता से मेल खाती है। इसलिए, हर प्रकार का श्रम हमारे लिए, किसी न किसी प्रकार से, महत्वपूर्ण है।

जहां हम में से कुछ लोग, प्रकृति के लौह अयस्क में काम करके इस्पात बनाते हैं, जिससे हमारे उद्योगों का निर्माण होता है, कुछ अन्य लोग पानी, कोयले या तेल में से ऊर्जा का निर्माण करते हैं। हममें से कुछ अन्य लोग खेतों की जुताई करके फसलें उगाते हैं, इसके अलावा कुछ और लोग उन फसलों को आवश्यक भोजन में परिवर्तित करते हैं। आपस में, श्रम का इस प्रकार का वितरण, जीवन जीने में हमारी सहयता करता है। हम इस बात की कल्पना भी नहीं कर सकते कि बिना श्रम के और बिना अलग प्रकार के व्यवसायों में संलग्न हुए, हमारा जीवन कैसा होगा।

हालांकि, शुरुआत में, मनुष्य के लिए आवश्यक एवं उपयोगी व्यवसायों को बढ़ावा दिया जाता था और इनका सम्मान भी किया जाता था। लेकिन, समय के साथ, कुछ व्यवसायों के प्रति पक्षपात होने लगा। खास तौर पर ऐसे व्यवसाय जिनमें अधिक

टिप्पणी

शारीरिक मेहनत लगती थी। इस झुकाव और लोगों के व्यवसाय के आधार पर उनका सामाजिक स्तर तय करने की प्रथा के कारण, समाज में अशांति फैलने लगी। इस प्रकार, जल्द ही, श्रम के वितरण का सिद्धांत, जो समाज के स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी था, एक शाप बनकर रह गया। श्रम के वितरण के दुर्भाग्यपूर्ण परिणाम और कुछ व्यवसायों के विरोध में गहरे पूर्वाग्रह, जातिवाद और अस्पृश्यता का कारण बने। ये प्रथाएं, सदियों से हमारे समाज को घुन की तरह खोखला बना रही हैं। अनेक परोपकारियों और समाज सुधारकों की कोशिशों के कारण, जिन्होंने श्रम की गरिमा को सही ठहराया और भिन्न व्यवसायों के लिए आदर बहाल किया, अधिकतर पूर्वाग्रह आज खत्म हो चुके हैं। खैर, समतावाद और सामाजिक मैत्री के आदर्शों को महसूस करने से पहले, अभी और बहुत कुछ करने की आवश्यकता है।

आधुनिक शिक्षा के कारण लोगों के दृष्टिकोण में परिवर्तन आया, जो श्रम की गरिमा पुनरस्थापित करने में सहायक साबित हुई। शायद, महात्मा गांधी के जीवन को आधुनिक शिक्षा के सामुदायिक जीवन की क्रांति के योगदान का एक प्ररूपी नमूना कहा जा सकता है। वैसे तो गांधीजी का जन्म एक पारंपरिक, रूढ़िवादी हिंदू परिवार में हुआ था। बड़े होने के बाद वे एक सफल वकील बने। बाहरी संसार में मिले उनके संसर्ग ने उनके मन में सभी प्रकार के व्यवसायों के लिए सम्मान स्थापित किया। गांधीजी का उदाहरण इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि दूसरों के विपरीत, उन्होंने उन मूल्यों का पालन किया जिनका उन्होंने प्रचार किया। वे अपना शौचालय स्वयं साफ किया करते थे, जो उस समय, महतरों का काम माना जाता था। उनके इस कार्य से महतरों के काम को सम्मान प्राप्त हुआ। वे अपनी इच्छा से, खेतों में नौकरों का काम किया करते थे। जेल में अपने समय के दौरान उन्होंने मोची का काम सीखा। उन्होंने कताई के काम को इतना ग्लैमराइज किया कि सभी वर्गों और श्रेणियों के लोग अपने जीवन में यह काम करने लगे। गांधी जी द्वारा सभी व्यवसायों को दिया गया समान सम्मान और उनकी हर काम सीखने और करने की इच्छा के कारण उन्हें दक्षिण अफ्रीका और भारत में आत्म–निर्भर समुदाय स्थापित करने में मदद मिली। आज तक, इन समुदायों के सदस्य श्रम की गरिमा का आदर करते हैं और अपना सारा काम स्वयं करते हैं, किसी और पर निर्भर हुए बिना।

इस प्रकार, श्रम के प्रति आदर और उसका सम्मान निश्चित करने से हमें स्वतंत्रता का अहसास होता है। यदि श्रम की गरिमा का समुदाय के प्रत्येक सदस्य द्वारा पोषण किया जाए तो उनमें स्वस्थ संबंध स्थापित हो सकते हैं, जिससे समुदाय की ताकत में वृद्धि होगी।

डॉ. बी. आर. अम्बेडकर और श्रम की गरिमा

अम्बेडकर द्वारा इस तर्क का प्रस्ताव रखा गया कि 1928 की मार ने दलित कार्यकर्ताओं को ऋणग्रस्तता और अत्यधिक आक्रोश की ओर धकेल दिया था। इसके अतिरिक्त, गैर–दलित कार्यकर्ताओं के विपरीत, दलितों के पास लंबी हड़तालों के दौरान, निर्भर करने के लिए खेत नहीं थे। यही कारण था कि दलित अभी एक लंबी हड़ताल पर जाने की स्थिति में नहीं थे। अम्बेडकर ने 1934 की बॉम्बे हड़ताल का भी विरोध किया था, हड़ताल का आयोजन कम्युनिस्टों द्वारा, समान कारणों के चलते करवाया गया था।

अम्बेडकर द्वारा 1936 में स्वतंत्र श्रम पार्टी की स्थापना की गई थी। इसके पीछे उनका मकसद था, श्रमिक वर्ग के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक अधिकारों के लिए लड़ना। 1937 में अपनी सफलता के बाद, पार्टी, 1938 के औद्योगिक विवाद अधिनियम का विरोध करने में सबसे आगे रही।

जहां कम्युनिस्ट के नेतृत्व वाली श्रम राजनीति, शहरी फैक्ट्री–आधारित थी, अम्बेडकर ने महार वतन के विरुद्ध संघर्ष छेड़ दिया और जाति–आधारित व्यावसायिक व्यवस्था को ललकारा। पात्रता के बदले महारों को व्यापक और शोषणकारी अनिवार्य सेवाएं प्रदान करनी पड़ीं। अम्बेडकर का यह कहना था कि अस्पृश्यता के विरुद्ध आंदोलन तब तक पूरा नहीं हो सकता, जब तक इन संरचनाओं के विरुद्ध लड़ाई न लड़ी जाए। 1928 में, अम्बेडकर द्वारा बॉम्बे विधान परिषद में महार वतन समाप्त करने के लिए एक अधिनियम प्रस्तुत किया गया।

अम्बेडकर के नजदीकी सहकर्मी ए वी चित्रे ने षेतकारी संघ की स्थापना की, जो खोटी प्रथा स्माप्त करने के समर्थन में खड़ा हुआ। खोटी प्रथा, एक प्रकार की भू–राजस्व व्यवस्था थी जो कोंकण क्षेत्र में प्रचलित थी। इस प्रथा के चलते छोटे और सीमांत किसानों का शोषण होता था और गोरी सरकार को चार गुना कर उपलब्ध करवाने के लिए जबरन श्रम करवाया जाता था। 1920 के दशक के शुरुआती हिस्से में अम्बेडकर द्वारा खोटी प्रणाली के विरुद्ध आंदोलन और सम्मेलन किए गए। प्रांतीय विधाना सभाओं में, कृषि काश्तकारों की दासता के उन्मूलन के लिए विधेयक की पेशकश करने वाले अम्बेडकर पहले विधायक थे।

2.5.5 आलोचनात्मक बहुसंस्कृतिवाद एवं लोकतांत्रिक शिक्षा

वैसे तो, बहुसांस्कृतिक शिक्षा की अकसर एक अखंड इकाई के रूप में चर्चा की जाती है, दरअसल, इस शीर्ष में सैद्धांतिक और व्यावहारिक अंतर्दृष्टि की बहुलता शामिल है, जो परस्पर–विरोधी भी हो सकती है। साहित्य की व्यापक समीक्षा के बाद, क्रिस्टीन स्लीपर और कार्ल ग्रांट (1988) ने, उपलब्ध दृष्टिकोणों को निम्नलिखित पांच समूहों में बांटा– (1) असाधारण और सांस्कृतिक रूप से भिन्न शिक्षण; (2) मानवीय संबंध; (3) एकल–समूह अध्ययन; (4) बहुसांस्कृतिक शिक्षा; (5) बहुसांस्कृतिक और सामाजिक पुनर्निर्माणवादी शिक्षा।

यह अध्याय इन मौजूदा नमूनों के पहले चार का ऐसा संक्षिप्त अवलोकन प्रस्तुत करता है जो इन्हें महत्वपूर्ण बहुसांस्कृतिक होने की नजदीकी देता है।

असाधारण और सांस्कृतिक रूप से भिन्न शिक्षण

असाधारण और सांस्कृतिक रूप से भिन्न शिक्षण के समर्थक भिन्न संस्कृतियों से संबंधित छात्रों की सहायता करने से संबंधित हैं, इनमें विकलांग भी शामिल हैं, ताकि वे समाज एवं सार्वजनिक स्कूल की मुख्यधारा मांगों के अनुकूल बन सकें। इस सिद्धांत का चरम लक्ष्य है कमियों को दूर करना या "छात्रों एवं स्कूलों के बीच पुल बनाना" (स्लीटर एवं ग्रांट, 1988)।

छात्रों की पृष्ठभूमि के साथ सांस्कृतिक रूप से संगत शैक्षिक सिद्धांतों का प्रयोग करके, असाधारण और सांस्कृतिक रूप से भिन्न शिक्षण प्रदान करने के पीछे, "छात्रों

टिप्पणी

के पास पहले से मौजूद ज्ञान और कौशल पर आधारित, पारंपरिक स्कूली ज्ञान के अधिक प्रभावशाली ढंग से शिक्षण" का इरादा छिपा है (स्लीटर एवं ग्रांट, 1988)। बतौर एक उपचार प्रक्रिया, इस दायरे में काम करने वाले शिक्षक छात्रों के पास मौजूद जानकारी, कौशल, सीखने की शैली, भाषाओं (इनमें संक्रमणकालीन द्विभाषी शिक्षा का कार्यान्वयन शामिल हो सकता है) का प्रयोग करते हैं, इसके साथ ये रचनात्मक शिक्षण शैली भी अपनाते हैं, केवल उस स्तर तक जहां तक ये इन छात्रों को एक सामान्य कक्षा में सुखद अनुभव का अहसास नहीं देते। छात्रों की पृष्ठभूमि की यह जानकारी प्राप्त करने के पीछे अधिक पारंपरिक स्कूल सामग्री विस्थापित करना या बदलने का इरादा नहीं होता। हालांकि यह बहुसांस्कृतिक दर्शन लोगों को अपनी देशी संस्कृतियां और भाषाएं बरकार रखने के लिए प्रत्यक्ष रूप से हतोतसाहित नहीं करता। बाहरी परिस्थितियों में माता–पिताध्देखभाल करने वालों से स्कूल के एजेंडा के समर्थन की अपेक्षा अवश्य रखी जाती है।

मानवीय संबंध

बहुसंस्कृतिवाद के इस सिद्धांत का मुख्य लक्ष्य है, रूढ़िबद्ध धारणाओं को खत्म करके और सहनशीलता एवं एकता को बढ़ावा देकर, स्कूलों में भिन्न समूहों के बीच सकारात्मक संबंधों का प्रोत्साहन करना। विविधता के प्रति यह प्रशंसक भाव, के साथ, सामान्य बंधन मौजूदा सामाजिक संरचनओं के भीतर सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देता है। इसका सभी स्कूलों में कार्यान्वयन का इरादा है (स्लीटर एवं ग्रांट के अनुसार (1988))।

बहुसांस्कृतिक शिक्षा

बहुसांस्कृतिक शिक्षा के समर्थक, व्यवहार पैटर्न, साक्षरता अभ्यास, ज्ञान के निकाय, भाषा के उपयोग और संज्ञानात्मक कौशल की सामाजिक–सांस्कृतिक प्रकृति की सराहना करते हैं। ये शिक्षक, सांस्कृतिक तौर पर संगत शिक्षण के प्रकारों की मांग करते हैं, जिनसे शिक्षकों की शिक्षण शैली, जरूरतों, और वास्तविकताओं का निर्माण हो सके। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, इस नमूने के भीतर संकाय और कर्मचारियों के भीतर विविधता लाने की बात की गई है ताकि छात्रों और उनके समुदायों को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित किया जा सके।

बहुसांस्कृतिक शिक्षा का अंतिम लक्ष्य है, न केवल पाठ्यक्रम और व्यक्तियों के व्यवहार को बदलना बल्कि सम्पूर्ण अकादमिक वातावरण में बदलाव लाना।

निष्कर्ष

बहुसांस्कृतिक शिक्षा के एक अखंड इकाई होने की आम गलत धारणाओं के विपरीत, इस श्रेणी के अंतर्गत आने वाला व्यापक साहित्य और स्थितियां न केवल विभिन्न सैद्धांतिक शिविरों का वजूद और भिन्नताएं दर्शाते हैं, बल्कि इस बात की भी पुष्टि करते हैं कि इससे कोई सामान्य परिभाषा भी नहीं जोड़ी जा सकती (लीस्टिना और वुड्रम, 1996)। ऐसी शैक्षिक कोशिशों को नाम देने वाले वैचारिक वर्णनकर्ताओं में बहुत अंतर है– पाउलो फ्रेयर (1970) इस प्रकार की शिक्षा को 'महत्वपूर्ण शिक्षाशास्त्र' के रूप में संदर्भित करते हैंय हेनरी गिरौक्स (1994ए) अकसर 'विद्रोही बहुसंस्कृतिवाद' शीर्षक का

उपयोग करते हैं; पीटर मैकलारेन (1994) 'महत्वपूर्ण और प्रतिरोध बहुसंस्कृतिवाद' या 'क्रांतिकारी बहुसंस्कृतिवाद' शब्दों का उपयोग करना पसंद करते हैं; बेल हुक (1994) 'संलग्न' या 'संक्रमणकारी शिक्षाशास्त्र' के विचार को अपनाते हैं।

टिप्पणी

महत्वपूर्ण बहुसंस्कृतिवाद का वर्णन करने के लिए प्रयोग किए गए अनेक नामों के बावजूद, बहुत से महत्वपूर्ण सैद्धांतिक अंतर्दृष्टि और अभ्यास हैं जो इन विभिन्न अवधारणाओं के हर पहलू में बुने जाते हैं, जो अक्सर मुद्दों और शर्तों के एक सामान्य समूह से विकसित होते हैं, जो राजनीतिक संघर्ष के बदलते क्षेत्रों के भीतर महत्वपूर्ण शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करते हैं। इन बुनियादी सिद्धांतों और कई महत्वपूर्ण सामाजिक सिद्धांतकारों की आवाज के माध्यम से, स्लीपर एवं ग्रांट (1988) के प्रकार के दृष्टिकोण का विश्लेषण किया जाएगा। लेकिन इससे पहले, महत्वपूर्ण बहुसंस्कृतिवाद द्वारा पारंपरिक स्कूली शिक्षा की नामंजूरी को प्रस्तुत करना आवश्यक है।

लोकतांत्रिक शिक्षा

लोकतंत्र, विद्रोह की वह आवाज है जो निरंकुशता, जबरदस्ती, आरोपण और मनमाने अधिकार जो कमजोरों के शक्तिशाली द्वारा शोषण के खिलाफ उठाई जाती है। लोकतंत्र एक वर्तमान अवधारणा है जिसने राजनीतिक लोकतंत्र, आर्थिक लोकतंत्र, सामाजिक लोकतंत्र और शैक्षिक लोकतंत्र जैसे विभिन्न रूप धारण किए हैं। शिक्षा में लोकतंत्र एक हालिया विचार है और यह हमारे शिक्षण संस्थानों में प्रचलित शिक्षण विधियों के प्रशासन, अनुशासन और पर्यवेक्षण में निरंकुश और अधिनायकवादी प्रथाओं की निरंतरता के विपरीत है।

लोकतंत्र और शिक्षा के विभिन्न पहलू

1. भारत के विशेष संदर्भ में लोकतंत्र और शिक्षा के उद्देश्य

(क) लोकतांत्रिक नागरिकता का विकासः माध्यमिक शिक्षा आयोग द्वारा यह सुझाव दिया गया है कि लोकतांत्रिक नागरिकता के विकास के लिए शिक्षा को निम्नलिखित गुणों के विकास पर कार्य चाहिए–

- शिक्षा का उद्देश्य होना चाहिए, स्पष्ट सोच और विचारों की ग्रहणशीलता की क्षमता विकसित करना।
- इसके द्वारा मुक्त चर्चा, अनुनय और विचारों के शांतिपूर्ण आदान–प्रदान के लिए भाषण और लेखन में स्पष्टता विकसित होनी चाहिए।
- शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति को दूसरों के साथ रहना सीखना चाहिए। यह गुण अनुशासन, सहयोग, सामाजिक संवेदनशीलता और सहिष्णुता के माध्यम से विकसित किया जा सकता है।
- शिक्षा द्वारा देशभक्ति की भावना के विकास को बढ़ावा मिलना चाहिए।
- शिक्षा द्वारा विश्व नागरिकता की भावना विकसित होनी चाहिए।

(ख) व्यावसायिक दक्षता में सुधार

- हमें विद्यार्थियों के मन में कार्य के प्रति एक नया दृष्टिकोण उत्पन्न करना चाहिए। एक दृष्टिकोण, जिसका अर्थ है सभी कार्यों की गरिमा की सराहना, करना, मगर, धीरे धीरे।

- कार्य के नए दृष्टिकोण के विकास के साथ शिक्षा के सभी चरणों में तकनीकी कौशल और दक्षता को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

(ग) व्यक्तित्व का विकास : यह निम्न तरीके से प्राप्त किया जा सकता है–

टिप्पणी

- छात्रों में रचनात्मक ऊर्जा के स्रोतों को बढ़ावा देना ताकि वे अपनी सांस्कृतिक विरासत की सराहना कर सकें।
- समृद्ध दिलस्चस्पियों को बढ़ावा देना, जिन पर छात्र अपने खाली समय में कौशल प्राप्त कर सकें जो, बाद में इस विरासत में योगदान दे।
- कला, शिल्प, संगीत, नृत्य आदि विषयों को सम्मान का स्थान देना।
- नेतृत्व के लिए गुणों का विकास।

2. लोकतंत्र और पाठ्यक्रम : लोकतांत्रिक लक्ष्यों को हासिल करने के लिए हर स्तर पर पाठ्यक्रम में भारी बदलाव लाने की जरूरत है। इस कार्य के लिए निम्न सिद्धांतों का पालन किया जाना चाहिए–

- इसका आधार व्यापक होना चाहिए। इसमें उन सभी अनुभवों की समग्रता शामिल होनी चाहिए जो एक बच्चा स्कूल, कक्षा, पुस्तकालय आदि में प्राप्त करता है। इसमें पाठ्य सहगामी गतिविधियां– खेल गतिविधियां, कक्षा प्रक्रिया और परीक्षा प्रणाली शामिल होनी चाहिए।
- इसमें विविधता और लचीलापन होना चाहिए, नियमबद्ध और कठोर नहीं होना चाहिए।
- इसे समुदाय की जरूरतों से सम्पूर्णतः संबंधित होना चाहिए और इसे स्थानीय संसाधनों का पूरा उपयोग करना चाहिए।
- पाठ्यक्रम में व्यावसायिक पूर्वाग्रह भी होना चाहिए। इसे सामान्य और व्यावसायिक शिक्षा के बीच संतुलन बनाए रखना चाहिए।
- पाठ्यक्रम को एकीकृत और सहसंबद्ध करने की आवश्यकता है।

3. लोकतंत्र और शिक्षण के तरीके : मोंटेसरी विधि, परियोजना विधि, डाल्टन योजना, अनुमानी विधि, प्रयोगशाला पद्धति, या प्रयोगात्मक विधि, सामाजिक तकनीक, सेमिनार, संगोष्ठी, चर्चाएं, सभी, लोकतांत्रिक प्रवृत्ति पर आधारित हैं। लोकतांत्रिक तरीके व्यक्तिगत मतभेदों के साथ–साथ समाज की जरूरतों पर भी ध्यान देते हैं। ये सहयोग को प्रोत्साहित करते हैं और स्वतंत्र सोच के साथ समूह चर्चा के लिए व्यक्ति को प्रशिक्षित करते हैं।

4. लोकतांत्रिक अनुशासन : प्रेम, सहानुभूति, सहयोग और मानवीय संबंधों पर आधारित स्वतंत्र और सकारात्मक अनुशासन है। स्कूलों में छात्र संघ, छात्र समिति, परामर्श समिति, संसद जैसी स्वशासी इकाइयां बनाई जानी चाहिए। इससे आत्म–अनुशासन स्थापित होता है, जो लोकतांत्रिक जीवन का मूल है।

5. लोकतंत्र और शिक्षक : असली लोकतांत्रिक व्यवस्था में, एक शिक्षक एक अत्याचारी के बजाय एक मित्र, दार्शनिक, मंच सेटर, सहानुभूतिपूर्ण मार्गदर्शक या सतर्क

टिप्पणी

पर्यवेक्षक की भूमिका निभाता है। उसके समाज के साथ रचनात्मक संबंध होने चाहिए और उसे लोकतांत्रिक तरीके से जीवन जीने के तरीके का समर्थन करना चाहिए। उसका आचरण उसके उपदेश के अनुकूल होना चाहिए और उसे स्वयं अत्यधिक आत्म–अनुशासन का प्रदर्शन करना है। उसे विभिन्न लोकतांत्रिक सिद्धांतों को वास्तविक व्यवहार में लाना चाहिए।

6. लोकतंत्र और स्कूल प्रशासन

- लोकतांत्रिक स्कूल प्रशासन में शिक्षकों को स्कूल की नीति बनाने, पाठ्यक्रम तैयार करने और स्कूल से संबंधित अन्य मामलों में अधिकार दिए जाते हैं।
- लोकतांत्रिक प्रशासन में शिक्षकों को शिक्षण, अध्ययन और अनुसंधान आदि के तरीकों के चयन में अधिक स्वतंत्रता दी जाती है।
- सहयोग और भाईचारा शिक्षकों और छात्रों के बीचय शिक्षकों और स्कूल के प्रशासकों या आयोजकों के बीचय विश्वविद्यालय के वाइस–चांसलर और शिक्षकों आदि के बीच संबंधों का आधार बनता है।

2.5.6 राष्ट्रवाद, सार्वभौमिकता और धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा और शिक्षा के साथ उनका अंतर्संबंध

टैगोर और कृष्णमूर्ति, इन दो प्रख्यात भारतीय शैक्षिक दार्शनिकों के दृष्टिकोण पर आधारित राष्ट्रवाद, सार्वभौमिकता और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत को इस प्रकार से समझा जा सकता है।

राष्ट्रवादः अर्थ और सिद्धांत

राष्ट्रवाद और वैश्वीकरण को अकसर सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक इतिहास में विपरीत ध्रुवों की ओर ले जाने वाली प्रक्रिया माना जाता है, लेकिन वास्तव में उनके बीच का संबंध कहीं अधिक जटिल रहा है, और ऐसा कहा जा सकता है कि पिछली डेढ़ सदी में उन्होंने एक साथ मिलकर काम किया है। राष्ट्रवाद का जन्म, पश्चिमी यूरोप में सोलहवीं शताब्दी के देश में हुआ– जिसका नाम है इंग्लैंड। इसका उद्भव 'इतिहास में यूरोपीय युग' के उदय के साथ हुआ, पश्चिमी यूरोप का उदय, विशेष रूप से, और पश्चिमी यूरोपीय मूल के समाज, आर्थिक, राजनीतिक और कुछ हद तक पूरी दुनिया के सांस्कृतिक नेतृत्व की स्थिति में।

यह एक ऐसे क्षेत्र में उभरा, जो पश्चिमी ईसाई धर्म द्वारा सांस्कृतिक रूप से एकीकृत था, जो स्वतंत्र रूप से राष्ट्रवाद से स्वतंत्र था, और इतिहास में पहली बार इतने व्यापक पैमाने पर, पहले से ही अन्य महाद्वीपों को अपने अधीन करना शुः कर चुका था, जिससे सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक वैश्वीकरण की प्रक्रिया शुः हुई। इस वैश्वीकरण की दुनिया के केंद्र में स्पेन था, जिसने हैब्सबर्ग क्राउन के राजनीतिक अधिकार के तहत यूरोपीय 'पवित्र रोमन' साम्राज्य और दक्षिण और मध्य अमेरिका में विशाल क्षेत्रों को अपने अधीन कर लिया 'त्रिकोणीय व्यापार' में आर्थिक रूप से यूरोप, अफ्रीका और अमेरिका को एकजुट किया और रोमन कैथोलिक धर्म के प्रसार के मिशन के लिए खुद को समर्पित कर दिया। इतने स्तरों पर दुनिया फिर कभी एक प्रणाली में

एकीकृत नहीं होगी, यानी इतने अर्थपूर्ण ढंग से, लेकिन चाहे कितना भी गहरा सही, वैश्वीकरण के इस पहले प्रयास की सफलता अल्पकालिक थी।

रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा राष्ट्रवाद का एक उद्धरण इस बात को और ज्यादा स्पष्ट करता है "हां, यह एक राष्ट्र का तर्क है। और यह सत्य और अच्छाई की आवाज कभी नहीं सुनेगा। यह नैतिक भ्रष्टाचार के अपने चक्र–नृत्य में जारी रहेगा, इस्पात को इस्पात और मशीन को मशीन से जोड़ता हुआय सरल विश्वास के मीठे फूलों और मनुष्य के जीवित आदर्शों को अपने पैरों तले रौंदता हुआ।"

सार्वभौमिकता का सिद्धांत

सार्वभौमिकता, एक सार्वभौमिक, उद्देश्य या शाश्वत सत्य के अस्तित्व में एक विचार या विश्वास है, यह सब कुछ निर्धारित करता है, इसलिए, यह हर व्यक्ति में समान रूप से मौजूद होता है और होना भी चाहिए।

सार्वभौमिकता वह दार्शनिक सिद्धांत है जो सार्वभौमिक रूप से निर्विवाद सिद्धांतों के अस्तित्व की पुष्टि करता है, और उन्हें सच बताता है, इसलिए इन्हें प्रत्येक व्यक्ति तथा हर सांस्कृतिक समूह द्वारा, बतौर एक मार्गदर्शक अपनाया जाना चाहिए, जो सही और गलत काम में फर्क करना सिखा सके। धार्मिक स्तर पर, प्रत्येक धर्म केवल अपने विश्वासों की पहचान करवाने और उन्हें सच ठहराने की कोशिश करता है।

धर्मनिरपेक्षता का सिद्धांत

भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने यह बहुत स्पष्ट रूप से देखा कि भारत के धर्मनिरपेक्ष बनने का मतलब यह नहीं था कि वह किसी धर्म के विरुद्ध है। उनका कहना था, "कुछ लोग हैं जो सोचते हैं कि क्योंकि हम एक धर्मनिरपेक्ष राज्य हैं, हम धर्म या आध्यात्मिक मूल्यों में विश्वास नहीं करते हैं। ऐसा होना तो दूर, इसका वास्तव में मतलब है कि इस देश में सभी अपनी पसंद के धर्म को मानने या उसका प्रचार करने के लिए स्वतंत्र हैं और हम सभी धर्मों की भलाई की कामना करते हैं और चाहते हैं कि वे बिना किसी बाधा के अपने तरीके से विकसित हों।" जवाहरलाल नेहरू ने हमारे राज्य की धर्मनिरपेक्ष प्रकृति की व्याख्या इस प्रकार की, "इसका मतलब है कि जहां धर्म पूरी तरह स्वतंत्र हैं, राज्य अपने व्यापक रूप में विभिन्न धर्मों और संस्कृतियों को बसा कर, सब को सुरक्षा और अवसर प्रदान करता है और इस प्रकार सहिष्णुता और सहयोग का माहौल बनाता है।"

भारत में धर्मनिरपेक्षता के लिए शिक्षा

निम्नलिखित लक्षण भारत में धर्मनिरपेक्षता के लिए शिक्षा की विशेषता बताते हैं–

- धर्मनिरपेक्ष उद्देश्य
- शैक्षणिक संस्थानों का लोकतांत्रिक संगठन
- विभिन्न पाठ्यक्रम
- विज्ञान शिक्षण
- प्रबुद्ध शिक्षक

वर्तमान भारतीय शिक्षा प्रणाली देश में एक सामाजिक माहौल बनाने की कोशिश कर रही है, जिसमें धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को प्रभावी ढंग से और उत्साहपूर्वक बढ़ावा देने की कोशिश की जाती है।

टिप्पणी

धार्मिक और धर्मनिरपेक्ष शिक्षा प्रदान करने के संबंध में संवैधानिक प्रावधान–

- अनुच्छेद 28(1) में कहा गया है कि पूरी तरह से राज्य की निधि से संचालित किसी भी शैक्षणिक संस्थान में कोई धार्मिक निर्देश नहीं दिया जाएगा।
- राज्य द्वारा मान्यता प्राप्त या राज्य निधि से सहायता प्राप्त करने वाले किसी भी शैक्षणिक संस्थान में भाग लेने वाले किसी भी व्यक्ति को उसकी सहमति के बिना किसी भी धार्मिक निर्देश में भाग लेने की आवश्यकता नहीं होगी। नाबालिग के मामले में, उसके अभिभावक की सहमति की आवश्यकता है।

धर्मनिरपेक्ष शिक्षा प्रदान करने का कारण

1. धर्मनिरपेक्ष शिक्षा एक नैतिक दृष्टिकोण विकसित करती है।
2. धर्मनिरपेक्ष शिक्षा उदार दृष्टिकोण और मूल्यों के विकास में मदद करती है।
3. यह व्यापक दृष्टि विकसित करता है।
4. यह दूसरों के दृष्टिकोण को समझने और उसकी सराहना करने की समझ प्रदान करती है।
5. यह लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवतावादी दृष्टिकोण विकसित करती है।
6. धर्मनिरपेक्ष शिक्षा, भौतिकवाद और अध्यात्मवाद का संश्लेषण करती है।
7. धर्मनिरपेक्ष शिक्षा धार्मिक कट्टरता और घृणा के प्रति एक विषहर औषध के रूप में कार्य करती है।

भारत जैसे बहुधार्मिक देश में, राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए धर्मनिरपेक्षता की भावना का विकास करना आवश्यक है। एक धर्मनिरपेक्ष समाज और उद्देश्यपूर्ण जीवन के लिए लोगों को तैयार करने में, शिक्षा को सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। हमें उम्मीद है कि जब संस्थागत धर्मों की, धीरे–धीरे युवा पीढ़ियों अपनी जबरदस्त पकड़ कम होने के बाद, धर्मनिरपेक्षता भारत की सामाजिक एकता के लिए एक मजबूत ताकत के रूप में विकसित होगी।

शैक्षिक निहितार्थ

देश में धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देने के लिए कई सकारात्मक कदम उठाए गए हैं। संविधान में यह निर्धारित किया गया है कि धार्मिक अल्पसंख्यक, उन्हें प्राप्त अनुदान का प्रयोग करके अपने शिक्षण संस्थान स्थापित करने के लिए स्वतंत्र हैं। धर्मनिरपेक्षता नैतिक शिक्षा का दर्शन है। स्कूल में धर्मनिरपेक्ष व्यवहार, स्कूल के प्रभाव से, स्वयं शिक्षकों के आचरण और व्यवहार और पूरे स्कूल समुदाय में जीवन के माध्यम से पैदा होता है। स्कूल की सभी गतिविधियों और कार्यक्रमों को प्रेम, सच्चाई और सहनशीलता के मूल्यों के समावेश के लिए प्रयास करना चाहिए।

टिप्पणी

अपनी प्रगति जांचिए

7. वह कौन सा सिद्धांत है जो समान अवसरों और समाज के प्रत्येक खंड को समान स्तरीय समर्थन प्रदान करता है?
   (क) समानता का सिद्धांत (ख) श्रम सिद्धांत
   (ग) निष्पक्षता का सिद्धांत (घ) सांस्कृतिक सिद्धांत
8. डॉ. बी.आर. अम्बेडकर द्वारा स्वतंत्र श्रम पार्टी की स्थापना कब की गई?
   (क) 1920 में (ख) 1950 में
   (ग) 1936 में (घ) 1952 में

2.6 अपनी प्रगति जांचिए प्रश्नों के उत्तर

1. (क)
2. (घ)
3. (क)
4. (ग)
5. (ख)
6. (घ)
7. (क)
8. (ग)

2.7 सारांश

आमतौर पर मूल्यों का मतलब नैतिक विचार, संसार के प्रति सामान्य धारणाएं या झुकाव अथवा साधारण रुचियां, रवैये, प्राथमिकताएं, आवश्यकताएं, भावनाएं और प्रवृत्तियां समझा जाता है। लेकिन समाजशास्त्री इन शब्दों का इस्तेमाल अधिक यथार्थपूर्ण ढंग से करते हैं जिसका मतलब है, "वह सान्यीकृत अंत जिसमें सहीपन, अच्छाई या अंतर्निहित वांछनीयता का अर्थ शामिल हो।"

यह एक संस्कृति के सदस्यों के बीच, अच्छे या बुरे तथा वांछनीय या अवांछनीय चीजों का महत्वपूर्ण तथा दीर्घकालिक विश्वासों या आदर्शों का समूह है। इसका मनुष्य के व्यवहार तथा रवैये पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है और यह सभी परिस्थितियों में व्यापक दिशानिर्देशकों का काम करता है। दरअसल, मूल्य इन बुनियादी विश्वासों का प्रतिनिधित्व करते हैं कि, व्यवहार का एक विशिष्ट तरीका या अस्तित्व की एक अंतावस्था, एक विपरीत रवैये के तरीके या अस्तित्व की अंतावस्था की तुलना में निजी या सामाजिक तौर पर बेहतर है।

हमारे व्यक्तिगत मूल्य, हमारे समाज के मूल्यों में अंतर्निहित हैं। हम अपने माता–पिता और शिक्षकों के मूल्यों को और मीडिया में दर्शाए गए मूल्यों को अपनाकर

टिप्पणी

अपने जीवन की शुरुआत करते हैं। कानून, शिष्टाचार, यहां तक कि धार्मिक मान्यताएं सभी सामाजिक मूल्यों की अभिव्यक्ति हैं। लेकिन सामाजिक मूल्यों का विकास होता रहता है। स्त्रियों की स्थिति इस बात का एक मुख्य उदाहरण है। पिछले 100 वर्षों में सामाजिक मूल्यों में बहुत अधिक परिवर्तन आया है। खास कर स्त्रियों (और पुरुषों) द्वारा खुदको देखने और अपना मूल्य समझने के नजरिए में तो आज बहुत बड़ा अंतर है। व्यक्तिगत मूल्य (इस मामले में, स्वतंत्रता और बराबरी का व्यक्तिगत मूल्य) समाज के मूल्यों में बदलाव लाते हैं और आगे, सामाजिक बदलाव इस प्रकार व्यक्तिगत मूल्यों को प्रभावित करते हैं जिससे देश के लोग अब पुरुषों और स्त्रियों की बराबरी को एक केंद्रीय मूल्य समझते हैं। व्यक्तिगत मूल्य, हमारे आस–पास के मूल्यों से अलग हो सकते हैं – शायद इसलिए क्योंकि हम अलग पृष्ठभूमि से हैं, इसका एक और कारण हो सकता है कि हमारी रुचि अलग है या क्योंकि हम समझ बूझ कर विकल्प लेते हैं।

हम स्थिर अर्थव्यवस्थाओं और अधिक न्यायपूर्ण और समावेशी समाजों के साथ अधिक टिकाऊ संसार स्थापित करना चाहते हैं। यह लक्ष्य मुश्किल तो है लेकिन नामुमकिन नहीं, अगर हमें सरकार, संस्थाओं, व्यापारों और सबसे अधिक जिम्मेदार वचनबद्ध जनता का साथ मिल जाए। मूल्य शिक्षा एकता, सद्भावना और प्रकृति से प्यार को बढ़ावा देती है।

मूल्य शिक्षा का सिद्धांत उस शिक्षा प्रणाली के बारे में है जो अधिक शिष्ट व लोकतांत्रिक समाज बनाने से संबंधित है। इस प्रकार, मूल्य शिक्षा हमारे राजनीतिक, सांस्कृतिक तथा धार्मिक मतभेदों से परे, मानवाधिकारों की रक्षा, जातीय अल्पसंख्यकों और सबसे कमजोर समूहों की सुरक्षा, और पर्यावरण के संरक्षण पर विशेष महत्व देते हुए, सहनशीलता व समझदारी को बढ़ावा देती है। मूल्य शिक्षा केवल स्कूलों की नहीं बल्कि हम सबली जिम्मेदारी है। उदाहरण के लिए, परिवार, विश्वविद्यालय, व्यवसाय और खेल, सभी, नैतिक सिद्धांतों की शिक्षा के लिए आदर्श संदर्भ हैं। यहां तक कि, ऑस्ट्रेलिया और यूके जैसे देश कई वर्षों से मूल्य शिक्षा को अनिवार्य शिक्षा का एक हिस्सा बनाना चाहते हैं।

नैतिक मूल्यों का होना बिल्कुल वैसा होता है जैसे किसी इमारत की दृढ़ नींव, यदि एक पेड़ की जड़े स्वस्थ और मजबूत होंगी तो उसके पत्ते और उसकी शाखाएं भी स्वस्थ बनेंगी। एक प्रसिद्ध कहावत है, "यदि धन खोया तो कुछ न खोया, यदि स्वास्थ्य खोया तो कुछ खोयाय यदि चरित्र खोया तो सब कुछ खोया"। इसी कारण बहुत से स्कूलों में नैतिक विज्ञान का विषय पढ़ाया जाता है ताकि नैतिक सीख को आज के आधुनिक बच्चों में बांटा जा सके। एक ठोस नैतिक आधार तैयार करना, आज के जमाने की सबसे बड़ी चुनौती है, और दिन प्रतिदिन अधिक मुश्किल होता जा रहा है।

नैतिक शिक्षा का मतलब है ऐसी शिक्षा जो हमारी, जीवन में, सही रास्ता चुनने में सहायता करती है। इसमें कुछ मूलभूत सिद्धांत शामिल हैं, जैसेकि, सच्चाई, ईमानदारी, दान, सत्कार, सहनशीलता, प्रेम, दया और सहानुभूतिद्य नैतिक शिक्षा पाने पर व्यक्ति उत्तम बन जाता है। इस शिक्षा का लक्ष्य केवल एक डिग्री हासिल करना नहीं है, बल्कि इसमें आवश्यक, मूल्य आधारित सीख शामिल है जिसका परिणाम है चरित्र का निर्माण और समाज का सुधार।

टिप्पणी

मूल्य शिक्षा को सीख के दृष्टिकोण से जांचने वाले ज्यादातर शिक्षक, मूल्यों को सामाजिक या सांस्कृतिक तौर पर स्वीकृत नियमों या मानकों के रूप में देखते हैं। इसलिए मूल्यों को ऐसी प्रक्रिया समझा जाता है जिसमें एक विद्यार्थी, समाज में महत्वपूर्ण संस्थाओं द्वारा स्थापित मानकों या नियमों को स्वीकृत करके उन्हें पहचान प्रदान करता है। विद्यार्थी इन मूल्यों को अपनी मूल्य प्रणाली में शामिल करता है। ये शिक्षक मानव प्रकृति को उसी तरीके से देखते हैं जिस प्रकार उससे मूल्य शिक्षा प्रक्रिया के समय काल के दौरान व्यवहार किया जाता है। ये उसे एक आरंभकर्ता की जगह एक प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में देखते हैं। टैलकॉट पारसन्स (1951) जैसे चरम अधिवक्ताओं का मानना है कि एक समाज के लिए उसकी जरूरतों का ऊंचा उठना और व्यक्तियों के लक्ष्यों को परिभाषित करना जरूरी है।

2.8 मुख्य शब्दावली

- **वांछनीय** : चाहने योग्य।
- **सन्निहित** : समीप में रखा हुआ।
- **सार्वभौमिक** : संपूर्ण पृथ्वी पर फैला हुआ।
- **अंतर्निहित** : अंदर छिपा हुआ।
- **संप्रेषित** : भेजा गया।
- **कार्यान्वित** : व्यवहार में लाया हुआ।
- **अनुशिक्षण** : प्रशिक्षण, अभ्यास।
- **नवाचार** : नया विधान।
- **पूर्वाग्रह** : किसी विषय के संबंध में वह धारणा जो पहले से बिना सोचे–समझे मन में स्थिर कर ली गई हो।
- **अस्पृश्यता** : अछूतापन।

2.9 स्व–मूल्यांकन प्रश्न एवं अभ्यास

लघु–उत्तरीय प्रश्न

1. मूल्यों की परिभाषा दीजिए।
2. मूल्यों के महत्व को बताइए।
3. नैतिक शिक्षा का स्कूलों के लिए महत्व समझाइए।
4. कोलबर्ग के नैतिक विकास के सिद्धांत को बताइए।
5. आधुनिक मूल्यों से क्या अभिप्राय है?
6. धर्मनिरपेक्षता का सिद्धांत बताइए।

दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न

1. मूल्यों की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।
2. व्यक्तिगत और सामाजिक मूल्यों में विविधता बताइए।

3. सामाजिक संदर्भ में नैतिक मूल्यों की उपयोगिता प्रतिपादित कीजिए।
4. नैतिक विकास के मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों के विषय में बताइए।
5. गांधी जी और बी.आर. अम्बेडकर के अनुसार श्रम की गरिमा से क्या अभिप्राय है?
6. टिप्पणी लिखिए– (क) राष्ट्रवाद (ख) सार्वभौमिकता (ग) धर्मनिरपेक्षता

2.10 सहायक पाठ्य सामग्री

- Aggarwal, J.C. 2010. *Theory and Principles of Education* (13th edition). Noida: Vikas Publishing House Pvt. Ltd.
- Sharma, G.R. 2003. *Trends in Contemporary Indian Philosophy of Education: A Critical Evaluation.* New Delhi: Atlantic Publishers & Dist.
- Samuel, Ravi. 2015. *Education in Emerging India*. New Delhi: PHI Learning Pvt. Ltd.
- Sharma, A.P. 2010. *Indian & Western Educational Philosophy*. New Delhi: Pustak Mahal.
- Aggarwal, J.C. 2005. *Teacher and Education in a Developing Society* (4th edition). New Delhi: Vikas Publishing House Pvt. Ltd.
- Dhawan, M.L. 2005. *Philosophy of Education*. New Delhi: Gyan Books Pvt. Ltd.
- Brubacher, J. S. 1969. *Modern Philosophy of Education*. New Delhi: McGraw Hill.
- राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (2005), सामाजिक विज्ञान का शिक्षण, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली।
- अदिर कोहेन (1983), 'एजुकेशनल फिलॉसफी ऑफ मार्टिन बूबर', एसोशिएटिड यूनिवर्सिटी प्रेस, लंदन।
- एन.आर. स्वरूप सक्सेना, शिखा चतुर्वेदी (2008), 'उदीयमान भारतीय समाज में शिक्षक', आर. लाल बुक डिपो, मेरठ।
- रमन बिहारी लाल (2007), 'शिक्षा के दार्शनिक एवं समाजशास्त्रीय आधार' रस्तोगी पब्लिकेशन, मेरठ।
- दास, आर.सी. (1984), 'करिकुलम एंड इवैल्यूएशन', एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली।
- एनसीईआरटी (1975), 'दस साल स्कूल के लिए पाठ्यक्रम – एक फ्रेमवर्क', नई दिल्ली।
- एनसीईआरटी (1986), राष्ट्रीय एकता के दिशा निर्देशों के दृष्टिकोण से पाठ्य पुस्तकों का मूल्यांकन, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली।
- एनसीईआरटी (1988), प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या– एक फ्रेमवर्क, नई दिल्ली।
- एनसीईआरटी (1988), प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्याः एक फ्रेमवर्क (संशोधित संस्करण), एनसीईआरटी।
- एनसीईआरटी (2000), स्कूल शिक्षा, नई दिल्ली के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा।

इकाई 3 पाठ्यचर्या की रूपरेखा

टिप्पणी

संरचना

3.0 परिचय
3.1 उद्देश्य
3.2. पाठ्यचर्या की अवधारणा
3.2.1 पाठ्यचर्या : अर्थ एवं परिभाषाएं
3.2.2 पाठ्यचर्या विकास की आवश्यकता और नियमन
3.2.3 पाठ्यचर्या निर्माण के लक्ष्य और उदेश्य
3.2.4 पाठ्यचर्या का पाठ्यपुस्तकों और शिक्षाशास्त्र से संबंध
3.2.5 पाठ्यचर्या रचना के विविध आयाम और उनका शिक्षा के उद्देश्यों से संबंध
3.3 पाठ्यचर्या का कार्य क्षेत्र
3.3.1 पाठ्यचर्या के कार्य क्षेत्र के विषय में सामान्य विचार–विमर्श
3.3.2 पाठ्यचर्या निर्माण में सामाजिक समूहों का समावेश
3.3.3 पाठ्यचर्या की सांस्कृतिक अंतर्निहितता
3.4 प्रच्छन्न पाठ्यचर्या की अवधारणा
3.4.1 प्रच्छन्न पाठ्यचर्या : विशेष रूप से लिंग और वंचित समूहों से संबंधित कुछ पाठ्यपुस्तकों की विशेषताओं और कक्षा अभ्यास के संदर्भ में
3.4.2 छात्रों के लचीलेपन में प्रच्छन्न पाठ्यचर्या की भूमिका
3.4.3 प्रच्छन्न पाठ्यचर्या में शिक्षक की भूमिका
3.5 पाठ्यचर्या के प्रकार
3.5.1 प्रकृतिवाद और पाठ्यचर्या
3.5.2 व्यवहारवाद और पाठ्यचर्या
3.5.3 आदर्शवाद और पाठ्यचर्या
3.5.4 यथार्थवाद और पाठ्यचर्या
3.5.5 समझ और दृष्टिकोण विकसित करने हेतु उदार पाठ्यचर्या
3.5.6 आजीविका के लिए कौशल केंद्रित व्यावसायिक पाठ्यचर्या
3.5.7 मिश्रित पाठ्यचर्या
3.5.8 विचारधारा और पाठ्यचर्या का सम्बन्ध
3.6 अपनी प्रगति जांचिए प्रश्नों के उत्तर
3.7 सारांश
3.8 मुख्य शब्दावली
3.9 स्व–मूल्यांकन प्रश्न एवं अभ्यास
3.10 सहायक पाठ्य सामग्री

3.0 परिचय

किसी भी प्रकार का शिक्षा अथवा प्रशिक्षण के लिए निर्धारित किए गए विषयों एवं उनसे संबंधित सामग्री को व्यवस्थित और साररूप में प्रस्तुत करना ही पाठ्यक्रम कहलाता है। पाठ्यक्रम प्रायः किसी शिक्षा परिषद (बोर्ड) द्वारा निर्धारित किया जाता है या किसी प्राध्यापक द्वारा तैयार किया जाता है, जो उस विषय के शिक्षण के लिए उत्तरदायी होता है। संपूर्ण पाठ्यक्रम का शिक्षा में एक बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान होता है। पाठ्यक्रम शिक्षा का आधार होता है जिस पर चलकर शिक्षा के उद्देश्यों की पूर्ति की जाती है। पाठ्यक्रम के द्वारा ही विद्यार्थि अपना अधिगम कार्य करते हैं और शिक्षक भी अपना शिक्षण कार्य संपन्न करते हैं। पाठ्यक्रम के द्वारा छात्रों के व्यक्तित्व का विकास होता

टिप्पणी

है। पाठ्यक्रम का निर्माण शिक्षा के उद्देश्यों आधार पर ही किया जाता है। इसको क्रियान्वित रूप विघ्यालय और शिक्षकों द्वारा दिया जाता है। पाठ्यक्रम के माध्यम से छात्रों में ज्ञानात्मक, भावात्मक और क्रियात्मक कुशलताओं को विकसित किया जाता है। इसके अतिरिक्त सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सामाजिक भावनाओं का विकास किया जाता है। पाठ्यक्रम के द्वारा छात्रों को जीविकोपार्जन के योग्य बनाया जाता है। इसके द्वारा छात्रों में समस्या–समाधान का प्रव्रत्ति भी विकसित की जाती है।

प्रस्तुत इकाई में पाठ्यक्रम की अवधारणा, पाठ्यक्रम का कार्य क्षेत्र, प्रच्छन्न (छिपा हुआ) पाठ्यक्रम और पाठ्यक्रम के प्रकारों का विस्तारपूर्वक विवेचन किया गया है।

3.1 उद्देश्य

इस इकाई को पढ़ने के बाद आप–

- पाठ्यचर्या के अर्थ और परिभाषा से अवगत हो पाएंगे
- पाठ्यचर्या की आवश्यकता को समझ पाएंगे
- पाठ्यचर्या के कार्यक्षेत्र से भलीभांति परिचित हो पाएंगे
- प्रच्छन्न (छिपे हुए) पाठ्यचर्या के महत्व को समझ पाएंगे
- पाठ्यचर्या के प्रकारों के विषय में जान पाएंगे

3.2. पाठ्यचर्या की अवधारणा

किसी भी समाज, राष्ट्र एवं व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा एक महत्वपूर्ण इकाई है। शिक्षा के द्वारा न केवल नैतिक और सामाजिक गुणों का विकास छात्रों में किया जाता है अपितु इसके माध्यम से राष्ट्र निर्माण हेतु विद्यार्थियों को तैयार भी किया जाता है। समाज में व्याप्त कुरीतियां, समस्याएं तथा आने वाली चुनौतियों का सामना करने की क्षमता शिक्षा के माध्यम से ही विकसित की जा सकती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी 21वीं सदी में एक ऐसे मजबूत शिक्षा तंत्र के निर्माण की योजना लेकर आई है, जिसके द्वारा न केवल शिक्षा तंत्र को मजबूती प्रदान की जाए अपितु छात्रों में भारतीय ज्ञान–विज्ञान की परंपरा को भी समाहित किया जाए। एक ऐसा शिक्षा तंत्र जो छात्र केंद्रित हो तथा उसमें 21वीं सदी के कौशल भी उत्पन्न करने का सामर्थ्य हो। 21वीं सदी के कौशल और सामाजिक एवं नैतिक मूल्य किस प्रकार छात्रों में अंतरनिर्विष्ट किए जाएं उसके लिए हमें सर्वप्रथम जिस चिज की आवश्यकता पड़ती है वह है पाठ्यक्रम।

शैक्षिक प्रणाली में पाठ्यचर्या या पाठ्यक्रम निर्माण और उसके विकास एवं नियोजन हेतु शिक्षकों की भूमिका भी सबसे अहम है क्योंकि शिक्षक ही समग्र शिक्षा के विकास के उद्देश्य को पूरा करने में अपनी सार्थक भूमिका निभा सकते हैं किंतु इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए शिक्षकों को भी एक ऐसे पाठ्यक्रम की आवश्यकता है जो छात्रों की रचनात्मकता और तार्किक सोच निर्णय लेने की क्षमता नए–नए प्रयोग करने का साहस के साथ–साथ नैतिकता मानवीय और संवैधानिक मूल्यों का भी संचार कर सके पाठ्यक्रम के माध्यम से ही हम विद्यार्थियों में जीवन कौशल जैसे परस्पर

सकारात्मक संवाद सहयोग की भावना मिलजुल कर कार्य करने की इच्छा शक्ति आदि का विकास कर सकते हैं।

शैक्षिक प्रणाली के अंतर्गत विभिन्न स्तरों के लिए अलग–अलग पाठ्यक्रम की योजना राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के संगठन जैसे एनसीईआरटी (NCERT) और एससीईआरटी (SCERT) द्वारा किया जाता है पाठ्यक्रम निर्माण का क्षेत्र बहुत व्यापक होता है, क्योंकि इसमें शिक्षा के मूलभूत उद्देश्यों की पूर्ति हेतु योजना और उसके क्रियान्वयन का प्रारूप तैयार किया जाता है। पाठ्यक्रम के अंतर्गत ना केवल पाठ्यवस्तु बल्कि पढ़ाने के तरीके शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में मिलने वाले अनुभव व शैक्षिक व गैर शैक्षिक गतिविधियां भी शामिल होती हैं। पाठ्यक्रम तैयार हो जाने के बाद कक्षा के स्तर पर उसको लागू करने का कार्यभार एक शिक्षक के कंधों पर होता है। अतः पाठ्यक्रम के निर्माण से लेकर उसके क्रियान्वयन तक के स्तर में एक शिक्षक की सदैव अहम भूमिका होती है।

3.2.1 पाठ्यचर्या : अर्थ एवं परिभाषाएं

